तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, गुरुवार 8 मई 2025

[राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर]



13 मुड़िपानी और रसेला की समितियों ने तेंदूपत्ते ...





14 निकायों से समन्वय स्थापित करें, तालाब, नदी...









## खबर संक्षेप

### 11 हजार रुपए की शराब जब्त, एक गिरफ्तार

**महासमुंद।** नगर के संजय कानन के पास कोतवाली पुलिस ने एक युवक के कब्जे से बड़ी मात्रा में शराब जब्त किया है। मामले में आरोपी को गिरफ्तार आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बताया कि पेट्रोलिंग दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि महासमुंद से बागबाहरा की ओर एक व्यक्ति एक काले रंग की स्कूटी में अवैध रूप से शराब लेकर लभरा की ओर ले जा रहा है। मौके पर पहुंचकर उक्त युवक से पूछताछ की गई। जिसने अपना नाम कैलाश नियाल पिता कामो नियाल (26 साल) निवासी वार्ड नंबर 09 छिपियापारा महासमुंद बताया। आरोपी के कब्जे से 40 पौवा देशी प्लेन शराब (शोले) कीमत 11200 रुपए को जब्त किया गया। मामले में आरोपी को 34(2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया।

### युवक से मारपीट

**महासमुंद।** गाली गलौज कर मारपीट करने वाले युवक के खिलाफ पिथौरा थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी अर्श यादव निवासी लाखागढ़ ने बताया कि वह 5 मई को भीमा रौतिया की शादी के मायन के मौके पर अपने मित्रों के साथ सम्मिलित हुआ था, जो कि रात्रि 2 बजे के आसपास गाना बजाने को लेकर आरोपी कुणाल रोहिल्ला गाली-गलौज कर हाथ-मुक्के से मारपीट करने लगा। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### चाकू से हमला

**महासमुंद।** अधेड़ पर चाकू से हमला करने वाले आरोपी के खिलाफ सरायपाली थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि 6 मई को शासकीय अस्पताल सरायपाली से सूचना मिली थी कि वीरेंद्र कुमार साव पिता शिवशंकर साव (45 साल) पाटसेंद्री को ईश्वर बरिहा के द्वारा चाकू मारकर घायल कर दिया गया है जिसे उपचार हेतु सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

## घपलेबाजी : समग्र शिक्षा में खर्च की पारदर्शिता पर बड़ा सवाल

# भवन है नहीं, फिर भी मरम्मत का खर्च, बड़े घोटाले का संदेह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरा

छुरा के अंतर्गत लगभग तीन वर्ष पूर्व 20 संकुल केंद्र थे इसके आधार पर संकुल भवन संकुल केंद्र बनाया गया था, किंतु लगभग 3 वर्ष पूर्व यहां संकुल केंद्र को 20 से बढ़कर 35 कर दिया गया है तथा 15 संकुल केंद्र बढ़ गया है किंतु इन संकुल केदो में संकुल कार्यालय नया भवन नहीं बनाया गया है, समग्र शिक्षा के अंतर्गत प्रत्येक संकुल समन्वयक को प्रतिवर्ष लगभग 70 से 80 हजार रुपया मिलता है जो विभिन्न मदो में भेज दिया जाता है इन्हें मदो में से एक मद मरम्मत का कार्य किस राशि में से लगभग 20000 की राशि संकुल भवन के मरम्मत किया जाता है किंतु जब इन 15 नए भवनों के पास संकुल भवन ही नहीं है तो 20000 किस पर खर्च किया जा रहे हैं और यह लगभग दो-तीन वर्षों से किया जा रहा है। वहीं मामले में जिम्मेदार अधिकारी ने कोई भी जानकारी नहीं होने की बात कही है।




संकुल अपने चार-पांच किलोमीटर के दायरे पर कार्य करता है साथ-साथ जिस स्कूल में पदस्थ है वहां पर दो कालखंड शिक्षा अनिवार्य है किंतु इस प्रकार नहीं करने की लगातार शिकायतप्राप्त होती है और कई जगह पर तो दो शिक्षक में से एक शिक्षक को समन्वयकबना दिया गया है और उसे स्कूलों के पढ़ाई काफी प्रभावित होने पर ग्रामीणों ने शिकायत तक की है ,इन संकुल समन्वयकों को प्राप्त होने वाले राशि और होने वाले व्यय पर लगातार लोगों ने सूचना के अधिकार के तहत जानकारी मांगी है कि आखिर राशि का उपयोग कहां किया जा रहा है?

### प्राप्त राशि के दिशा निर्देश

मेंटेनेंस ग्रांट में 20000 प्रति संकुल के दर से राशि प्रदान की जा रही है जिसका उपयोग संकुल स्त्रोत केंद्र में भवन का रखरखाव और रंगरोगन,शौचालय मरम्मत सफाई आदि हेतु किया जाए, टीएलएम ग्रांट इस मदसे राशि 5000 स्वीकृत की गई है जिसका उपयोग शिक्षक प्रशिक्षण के समय शिक्षण अधिगम सामग्री हेतु उपयोग किया जाए, मीटिंग टीए इस मद में 15000 प्रति संकुल की दर से राशि प्रदान की जा रही है समग्र शिक्षा हेतु आयोजित बैठकों में उपस्थित तथा संकुल केंद्र की मॉनिटरिंग हेतु की गई यात्रा देयक भुगतान किया जाना है, आकस्मिक ब्यय इस मद से 40000 प्रति संकुल की दर से राशि प्रदान की जाती जिसका उपयोग स्टेशनरी, विद्युत कंप्यूटर सामग्री एवं अन्य कार्यालय उपयोग सामग्री करने में किया जाए।

### जिम्मेदार ने किया जानकारी होने से इनकार

हरीश देवांगन खंड स्त्रोत समन्वयक छुरा ने इस संबंध में कहां की कितने संकुल भवन है मुझे जानकारी नहीं है, किंतु प्रत्येक संकुल समन्वयक को कार्यालय का संचालन किया जाना है, हो सकता है उक्त राशि का खर्च वह अस्थाई भवन में करता होगा ,उक्त राशि का निरीक्षण समग्र शिक्षा जिला कार्यालय के द्वारा किया जाता है इसलिए इस बारे में मुझे ज्यादा जानकारी नहीं है

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद गरियाबंद में जश्न का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 26 निर्दोष नागरिकों की निर्मम हत्या से देश भर में शोक और आक्रोश का माहौल था। लेकिन भारत ने इस बार चुप्पी नहीं, निर्णायक जवाब दिया।

सोमवार देर रात 1:44 बजे भारतीय सशस्त्र बलों ने "ऑपरेशन सिंदूर" के तहत पाकिस्तान और पाक-अधिकृत कश्मीर में मौजूद आतंकियों के 9 ठिकानों को निशाना बनाते हुए सटीक हमले किए और उन्हें ध्वस्त कर दिया। इस ऐतिहासिक जवाबी कार्रवाई के बाद पूरे देश में गर्व और एकता की लहर दौड़ गई, और गरियाबंद भी इस भाव से अछूता नहीं रहा।

**तिरंगा चौक पर हुआ भव्य आयोजन, देशभक्ति से गूंज उठा नगर-** मंगलवार को गरियाबंद के तिरंगा चौक पर देशभक्ति का अनूठा नजारा देखने को मिला। नगर के नागरिक बड़ी संख्या में एकत्र हुए, भारत माता के जयघोष किए, आतिशबाजी की, मिठाइयाँ बाँटीं और भारतीय सेना की वीरता को नमन किया।इस आयोजन का नेतृत्व पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष गफ्फू मेमन (अब्दुल गफ्फार मेमन) ने किया। उन्होंने ▶▶ शेष पेज 12 पर

### नगर की जनता ने जताया गर्व और एकजुटता

इस आयोजन में बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। बच्चों ने भारत माता के चित्र बनाए, युवाओं ने जोश से नारे लगाए और महिलाओं ने दीप जलाकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

### ये रहे उपस्थित

पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुमित पारख, नगर पालिका उपाध्यक्ष आसिफ मेमन, चेंबर अध्यक्ष प्रकाश चंद रोहरा, किराना व्यापारी संघ अध्यक्ष हरीश ठक्कर, जनरल व्यापारी संघ अध्यक्ष अजय दासवानी, पूर्व उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सोनटेके, सभापति सूरज सिन्हा, पार्षद छगन यादव, पुष्पा साहू, मधु देवांगन, ज्ञानेश तिवारी, ललित पारख, लीलेश पारख, मनीष पारख, सागर मयाणी, विष्णु मरकाम, दीपक सर्वैय्या, नितेश ठक्कर, विकास रोहरा, प्रदीप लांबे, मुकेश मिश्रा, अमित ठक्कर, सलीम मेमन, अमित वखारिया, प्रकाश सोनी, प्रहलाद यादव सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

# चोर बेखौफ, क्लीनिक के बाहर से स्कूटी पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम

- आए दिन नगर में हो रही चोरी की घटनाएं, चोर बेखौफ

नवापारा में आए दिन हो रही चोरी की घटनाएं आम बात हो गई है। पहले तो नगर के आउटर में छो टी - मो टी चोरी की वारदात होती थी। किंतु अब शहर के हर मोहल्ले कालोनियों में चोरी की घटनाएं बढ़ी है। चोरों में पुलिस का खौफ समाप्त हो गया है। विगत कुछ माह से चोरों के हौसले बुलंद है। शहर के सदर रोड में बड़ी चोरी की घटनाएं हो रही है। चोर में पुलिस का भय समाप्त हो गया है। ताजा घटना नगर के सबसे भीड़-भाड़ वाले इलाके से प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ के आर सिन्हा के क्लीनिक से स्कूटी चोरों ने पार कर दी।



डॉक्टर परिवार घर के बाहर स्कूटी रखकर शादी में गए थे। जब रात 11 बजे घर लौटे तब उनकी स्कूटी क्रमांक सीजी 04 एल एन 2532 गायब मिली। जिसकी रिपोर्ट थाने में करना बताया गया है। किंतु घटना के दो दिन गुजर जाने के बाद भी स्कूटी चोर का पता नहीं चल पाया है। ऐसे में नगर के लोग बेखौफ चोरी की घटनाओं से दहशत में है। कुछ माह से नगर में पुलिस पेट्रोलिंग एवं सक्रियता में सुस्ती देखी जा रही है। शायद इसी कारण चोरों के हौसले बुलंद है। लोगो की मांग है कि पुलिस गश्त बढ़ाई जाय। चोर बदमाशों की धरपकड़ होनी चाहिए। देर रात तक घुमने वाले संदिग्ध बदमाशो के खिलाफ भी पुलिस का सख्त कड़ा रूप होना चाहिए। मालूम हो कि थाना शहर से एक किमी दूर है यह बात चोर उचक्को ,बदमाशो को अच्छी तरह मालूम है। पुलिस के पहुंचते तक वे घटना को अंजाम देकर फरार हो जाते है। नगर में पुलिस का जरा भी खौफ नही है इसलिए गुंडे बदमाशो के हौसले बढ़े हुए है।

# बुड़ेनी के सौरभ ने 10वीं बोर्ड में प्रदेश में हासिल किया छठवां स्थान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम

- गरीब परिवार से निकला होनहार सौरभ, गांव का नाम किया रौशन, खुशी का माहौल
- राजिम विधायक व अभनपुर विधायक ने दी बधाई एवं शुभकामनाएं

राजिम से लगे हुए बुड़ेनी गांव का बहुत ही गरीब बच्चा सौरभ जोशी कक्षा दसवीं के बोर्ड परीक्षा में 98 फीसदी अंक लेकर पूरे प्रदेश में टॉप टेन में छठवां स्थान पर आकर न केवल राजिम क्षेत्र को गौरवांवित किया है बल्कि प्रदेश में धमतरी जिले और अपने गांव बुड़ेनी का नाम रोशन किया है।

बता दें कि बुड़ेनी गांव हालांकि धमतरी जिले के आखिरी छोर में राजिम के पास है। अतएव बुड़ेनी गांव के खुशी में राजिम के लोग भी शामिल है। इस प्रतिनिधि से चर्चा करते हुए छात्र सौरभ जोशी ने बताया कि वह अपने गांव शासकीय उच्च माध्य विद्यालय बुड़ेनी में नियमित छात्र था। बिना गेप किए रोज स्कूल जाता था और स्कूल से लौटकर केवल और केवल पढ़ाई ही करता था। उनकी ▶▶ शेष पेज 12 पर

## गरियाबंद में शिक्षा का परचम

# प्रिया बघेल व भूपेश नागेश ने किया टॉप, बेटियों का दबदबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

- शिक्षा के क्षेत्र में गरियाबंद जिले ने किया फिर बेहतर प्रदर्शन

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित 2025 की कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में गरियाबंद जिले ने एक बार फिर शिक्षा के क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन किया है। गरियाबंद की प्रिया बघेल ने 500 में से 467 अंक (93.40%) हासिल कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनकी इस सफलता ने साबित कर दिया कि जिले की बेटियाँ शिक्षा के हर मोर्चे पर आगे हैं।

देवभोग के भूपेश कुमार नागेश ने कक्षा 10वीं में 600 में से 583 अंक (97.17%) लाकर जिले में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। यह प्रदर्शन न केवल देवभोग, बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व की बात बन गया है। राजिम, कोपरा, किरवाई जैसे ग्रामीण अंचलों के छात्रों ने भी टॉप 10 में अपनी जगह बनाई है। शिशु मंदिर, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम स्कूलों सहित निजी विद्यालयों के छात्रों का प्रदर्शन भी उल्लेखनीय रहा। बताते चलें की जिले में कक्षा 12वीं में कुल 5564 छात्र पंजीकृत थे, जिनमें 2331 बालक व 3233 बालिकाएं थी। वहीं परीक्षा में 5537 विद्यार्थी शामिल हुए, जिनमें कुल 4985 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। वहीं इन विद्यार्थियों में

प्रथम श्रेणी में 2493 विद्यार्थी, द्वितीय श्रेणी में 2342 और तृतीय श्रेणी 150 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। सफलता ▶▶ शेष पेज 12 पर

### बेटियां बनीं प्रेरणा

12वीं में 91.62% और 10वीं में 84.44% बालिकाएं सफल रहीं, जो बालकों की तुलना में कहीं बेहतर प्रदर्शन है। यह सिलसिला पिछले पाँच वर्षों से जारी है।

### प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने दी बधाई

कलेक्टर बी.एस. उइके और जिला शिक्षा अधिकारी ए.के. सारस्वत ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उन्हें निरंतर मेहनत करने की सलाह दी। उन्होंने असफल विद्यार्थियों से निराश न होने और आत्मविश्वास के साथ दोबारा प्रयास करने की अपील की। वहीं, विधायक रोहित साहू ने जिले के बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि बालिकाओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन समाज में सकारात्मक परिवर्तन का संकेत है। उन्होंने सभी छात्रों से भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन की कामना की।




## खबर संक्षेप

### विभागीय कार्यों में उदासीनता पर सीएमओ निलंबित

**रायपुर।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने विभागीय कार्यों में रुचि नहीं लेने के कारण दुर्ग जिले के भिंभौरी नगर पंचायत के प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीनिवास द्विवेदी को निलंबित कर दिया है। विभागीय क्षेत्रीय संयुक्त संचालक कार्यालय, दुर्ग से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी के विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई की गई है। निलंबन अवधि में क्षेत्रीय संयुक्त संचालक कार्यालय, दुर्ग अटैच किया गया है।

### राजधानी पहुंचे युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु

**रायपुर।** युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चिब पदाधिकारियों से मुलाकात के अलावा संगठन के कार्यक्रमों में शामिल होने छत्तीसगढ़ पहुंचे। एयरपोर्ट पर स्वागत के लिए विधायक संदीप साहू, एनएसयूआई के महासचिव हनी बग्गा, प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। श्री चिब का महासमुंद और बिलाईगढ़ में आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत करने के साथ गिरौधपुरी में मंदिर दर्शन का भी कार्यक्रम है, इसके अलावा बिलाईगढ़ में जाति जनगणना पर आयोजित "धन्यवाद राहुल गांधी" कार्यक्रम तथा पहलगाम घटना के विरोध में महासमुंद जिले में आयोजित "युवा आक्रोश मशाल रैली" में शामिल होंगे। बुधवार शाम को वे नियमित विमान से दिल्ली लौट जाएंगे।

### पहलगाम के मृतकों के लिए शांति भोज

**रायपुर।** कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में जान गंवाने वाले रायपुर के कारोबारी दिनेश मिरानिया समेत 26 लोगों की आत्मा की शांति के लिए व उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करने तिरंगा वंदन मंच द्वारा कालीबाड़ी चौक पर मंगलवार को प्रार्थना सभा व शांति भोज का आयोजन किया गया। लगातार दो घंटे चले इस भोज में करीब दो हजार नागरिकों ने प्रसाद लिया व मृतकों को श्रद्धांजलि दी। इस सभा में राह चलते लोगों ने भी रुक-रुककर मृतकों के चित्र के सम्मुख पुष्पांजलि अर्पित कर उनको नमन किया। इस सभा में पूर्व महापौर प्रमोद दुबे, संजय श्रीवास्तव, गिरीश दुबे, सुमन दीवान आदि ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए भारत सरकार से आतंकवादियों पर व उनके आका पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की।

पेज 11 के शेष...

### ऑपरेशन सिंदूर के...

हाथ में तिरंगा लेकर युवाओं और बुजुर्गों के साथ भारत माता को नमन करते हुए कहा कि ये सिर्फ सैन्य कार्रवाई नहीं, न्याय का प्रहार था।

### बुड़ेनी के सौरभ...

यह पढ़ाई आधी रात तक होती थी। मम्मी और पापा बोलते थे रात ज्यादा हो गई है सो जाओ। मगर पढ़ने का जो जुनून था उसके चलते नींद उससे कोसों दूर थी। माता सीमा जोशी गृहिणी है और पिता डोमन जोशी चंदना समिति में सेल्समेन है। उनकी छोटी बहन दिव्या जोशी कक्षा नवमीं की पढ़ाई इस साल करेगी। बताया कि बुड़ेनी स्कूल में कक्षा दसवीं में 112 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत है। आगे चलकर वह इंजीनियरिंग की पढ़ाई करना चाहता है। हालांकि वह गरीब परिवार से है अब इनकी प्रतिभा को देखते हुए आगे की पढ़ाई के लिए इस बच्चे की मदद करना शासन का काम है। छोटे से देहात गांव में ऐसे प्रतिभाशाली बच्चे का सामने आना निश्चित ही पूरे क्षेत्र और प्रदेश के लिए गौरव वाली बात है। इस छात्र को राजिम विधायक रोहित साहू एवं अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। बुड़ेनी गांव अभनपुर और राजिम क्षेत्र के ठीक बीच में है।

### प्रिया बघेल व भूपेश...

का प्रतिशत 90.17 रहा, जो पिछले वर्ष से 7% अधिक है। कक्षा 10वीं में कुल 7771 छात्र पंजीकृत थे, जिनमें 3509 बालक व 4262 बालिकाएं शामिल थीं। वहीं परीक्षा में 7660 विद्यार्थी शामिल हुए, जिनमें कुल 6151 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। वहीं इन विद्यार्थियों में प्रथम श्रेणी में 2801, द्वितीय श्रेणी में 2952 और तृतीय श्रेणी में 399 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। सफलता का प्रतिशत 80.70 रहा, जो पिछले वर्ष से 2% अधिक है।

---

### कालाबाज़ारी रोकने खाद के दाम किए गए सार्वजनिक: कृषि विभाग

# खरीफ की तैयारी तेज़, कृषि विभाग ने समय पर खाद का भंडारण किया सुनिश्चित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

कृषि विभाग ने सहकारी समितियों में समय पर उर्वरक खाद की पर्याप्त भंडारण कराया, ताकि कोई असुविधा न हो। जिले में आगामी खरीफ की तैयारी जोरो पर है। किसान खेतों की जोताई कर बीज खाद की व्यवस्था में लग गये है। तैयारी में प्रशाशन भी पीछे नहीं है।

सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर कृषि ऋण, बीज एवं उर्वरकों का वितरण प्रारम्भ हो चुका है। वितरण कार्य को देखते हुए कृषि विभाग ने जिले के डबल लॉक सहकारी समितियों में खाद का पर्याप्त भंडारण करवा लिया है।कृषि उपसंचालक चन्दन राय ने बताया कि 6 मई की स्थिति में जिले के डबल लॉक एवं सहकारी समितियों में यूरिया 5913, सुपर फास्फेट 2252, डी.ए.पी. 1181, पोटाश 770 तथा एन.पी.के. 1183 मिट्रिक टन उर्वरक उपलब्ध कराया गया है।



#### मूल्य किया सार्वजनिक, ताकि ओवर रेट न ले सके

किसी भी तरह से ओवर रेट और कालाबजारी न हो उसके लिए मूल्य भी सार्वजनिक किया गया है।अफसर ने बताया कि भारत सरकार द्वारा यूरिया 266.50, एसएसपी पाउडर 469.00, एसएसपी दानेदार 510.00, डीएपी 1350.00, एनपीके 1470.00 एवं पोटाश 1500.00 रूपये प्रति बैग निर्धारित किया गया है।



#### खाद बीज की अग्रिम उठाव की अपील

*डीडीए चन्दन राय ने बताया कि भविष्य में किसी भी प्रकार की समस्या से बचने के लिए किसान भाई बीज एवं उर्वरक का अग्रिम उठाव अवश्य करें। शून्य प्रतिशत ब्याज दर होने के कारण किसानों को अग्रिम उठाव करने पर कोई अतिरिक्त राशि देना नही होगा।*

#### शॉर्टेज की स्थिति में खाद का विकल्प भी बताया

*उर्वरक खाद के लिए कृषकों द्वारा डीएपी के स्थान पर सुपर फास्फेट का उपयोग कर अधिक उत्पादन प्राप्त किया गया है क्योंकि इन उर्वरकों में नत्रजन एवं स्फूर के साथ-साथ सल्फर की पर्याप्त मात्रा होती है, जो हमारी भूमि को उर्वरा बनाती है। फसलों की बुआई प्रभावित ना हो इसके लिये फसलवार उर्वरक अनुशंसा के आधार पर फसलों में संतुलित उर्वरक उपयोग किया जाना चाहिए।*

---

# छुरा में 30 दिवसीय जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का हुआ शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

खेल एवं युवा कल्याण रायपुर छत्तीसगढ़ के माध्यम से जिले के खिलाड़ियों को खेल विद्या से परिचय कराने खेल की तकनीकी ज्ञान से अवगत कराने एवं उनके खेल कौशल को हेतु 30 दिवसीय जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर वर्ष 2025-26 का आयोजन किया गया है।

- शीतल ध्रुव ने ग्रीष्मकालीन खेल शिविर में नशे से दूर रहने की दिलाई शपथ

प्रशिक्षण शिविर में सब जूनियर जूनियर वर्ग बालक बालिकाओं को निर्धारित प्रारूप में पासपोर्ट फोटो सहित आवेदन करना है। 7 मई 2025 दिन बुधवार को ग्रीष्म कालीन शिविर का उद्घाटन किया गया। नशे से दूर रहने की शपथ शीतल ध्रुव ने खिलाड़ी बच्चों सहित मैदान में उपस्थित सभी नागरिकों को शपथ दिलाया गया। खेलेंगे कूदेंगे, नशा से दूर रहेंगे आप सब ने प्रतिज्ञा लिया है आप सबको नशा से बचना भी है और बचाना भी है। इस मौके पर प्रमुख रुप से थानसिंग निषाद, शीतल ध्रुव, देव, विकास ध्रुव, लोकेश्वर यादव, पुनित राम ठाकुर, कुमकुम ध्रुव, संध्या साहू एवं नन्हे खिलाड़ी विशेष रूप से उपस्थित थे। इस शिविर में पांच खेल वेटलिफ्टिंग, क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन,वॉलीबॉल को शामिल किया गया है। यह प्रशिक्षण सरस्वती शिशु मंदिर के सामने व्यायाम शाला छुरा मैदान में आयोजित किया गया। यह खेल प्रशिक्षण सुबह 6 से 8 बजे तक व सांय 4 से 6:30 बजे तक दिया जाएगा।

---

स्थानीय लोगों को रोजगार देना है जरूरी

# नई औद्योगिक नीति में 10 करोड़ के पूंजी निवेश पर मिलेगा 1 करोड़ तक अनुदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार की नई औद्योगिक नीति 2024-30 के तहत बने छत्तीसगढ़ राज्य अंश पूंजी अनुदान नियम के तहत वाणिज्यिक उत्पादन शुरू करने वाली इकाइयों की स्थापना के लिए 10 करोड़ तक का निवेश करने वाले उद्यमियों को 1 करोड़ रुपयों तक का अनुदान मिल सकता है। खास बात ये है कि इन नियम के तहत कोर सेक्टर के उद्यमों को छोड़कर महिला उद्यमी, भारतीय सेना से सेवानिवृत्त सैनिक, सेवा निवृत्त अग्निवीर, नक्सलवाद से प्रभावित व्यक्ति, निःशक्तजन वर्ग के उद्यमियों साथ एससी, एसटी वर्ग के उद्यमी इसके लिए पात्र होंगे।

- गड़बड़ी मिलने पर अनुदान वापस भी होगा



#### ये हैं शर्तें नए नियम में

यह अनुदान हासिल करने के लिए ईकाई में वाणिज्यक उत्पादन प्रारंभ होने पर वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ होने के दिनांक से न्यूनतम पांच साल की अवधि तक अकुशल श्रमिकों, में न्यूनतम 100 प्रतिशत, कुशल श्रमिकों में न्यूनतम 70 प्रतिशत, तथा प्रबंधकीय-प्रशासकीय पदों पर न्यूनतम 40 प्रतिशत रोजगार राज्य के मूल निवासियों को देना होगा, लेकिन इसके साथ ही यदि भारत शासन, राज्य शासन या इसके किसी निगम, बोर्ड, मंडल, आयोग या वित्तीय संस्था, बैंक से अंश पूंजी अनुदान प्राप्त किया गया हो तो इस अनुदान की पात्रता नहीं होगी।

#### इतना मिलेगा अनुदान

सरकार ने नियम में ये भी साफ किया है कि पात्र उद्यमियों को औद्योगिक ईकाई की पूंजीगत लागत का 25 प्रतिशत या अधिकतम 1 करोड़ रुपए अनुदान के रूप में उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए यह प्रक्रिया होगी कि सबसे पहले तो संबंधित जिला व्यापार उद्योग केंद्र में ऑनलाईन आवेदन देना होगा।

वैध उद्यम आकांक्षा के साथ सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र, भारतीय सेना से सेवा निवृत्त, राज्य के सेवा निवृत्त अग्निवीर सैनिक, नक्सलवाद से प्रभावित व्यक्ति, निःशक्तजन का प्रमाण पत्र,तृतीय लिंग का प्रमाण पत्र जो जिस आवेदक पर लागू हो उसे पेश करना होगा। वित्तीय संस्था या बैंक द्वारा ऋण स्वीकृति पत्र भी लगेगा।

#### तो अनुदान वापस भी हो सकता है

इसी नियम में ये भी कहा गया है कि अगर किसी औद्योगिक इकाई ने कोई तथ्य छिपाए हैं, या तथ्यों को गलत ढंग से प्रस्तुत किया है। या सही जानकारी प्रस्तुत नहीं की गई है। या गलत तरीके से अनुदान स्वीकृत हुआ है तो अनुदान की राशि वापस ले ली जाएगी। अगर निवेशक से संबंधित कोई प्रमाणपत्र गलत पाया जाता है, या पात्रता से अधिक अनुदान मिल गया हो, या बैंक से तथ्यों को छिपाकर ऋण लिया गया हो अनुदान की राशि वापस करने के साथ ही 12 प्रतिशत ब्याज भी देना होगा। राशि भू-राजस्व बकाया की तरह की जा सकती है।

---

# सेना की सर्जिकल स्ट्राइक पर गूंजा जयकारा, पहलगाम हमले का लिया बदला

हरिभूमि.न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



भारतीय सेना के द्वारा आपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के 9 आंतकी केंप मे लगभग 100 आतंकी के मार देने पर नगर मे हर्श का माहौल है। लोगों ने भारत के प्रधानमंत्री, रक्षामंत्री एवं सेना के जवानो को श्रेय देते हुए पहलगाम का बदला पूरी होने की बाते कहीं हैं। नगर वासियों ने भी इस कार्रवाई का स्वागत किया है और इसे पाकिस्तान के खिलाफ एक बड़ी कूटनीतिक विजय करार दिया है।पक्ष और विपक्ष ने एक स्वर में भारतीय सेना की वीरता और सरकार के निर्णायक नेतृत्व की सराहना की है।

- ऑपरेशन सिंदूर: भारतीय सेना की कार्रवाई पर नगर में जश्न का माहौल

पहलगाम की घटना को लेकर मेरे मन मे पीड़ा थी। लेकिन उतना ही भरोसा था कि इस घटना का बदला भारत सरकार के द्वारा अवश्य ही लिया जावेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन मे भारतीय सेना ने पाकिस्तान के 9 आतंकी केंप को ध्वस्त कर 100 आतंकी का सफाया किया है। इस कार्यवाही से हम सभी को बहुत खुशी मिली है। - भागवत हरित

पाकिस्तान के आंतकी गतिविधी से देश के लोगो की जाने जा रही थी। पहलगाम की घटना ने सभी को दुखी किया था। भारतीय सेना के साहस का सलाम जिसने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को ठिकाने लगाकर आतंकिया का सफाया किया। - अनिल चंद्राकर

जब से देश का बंटवारा हुआ है तब से पाकिस्तान भारत के प्रति अपने मन मे मैल रखकर भारत पर हमला करते आया है वहीं पर उसे भारतीय फौजों से मुंह की खानी पड़ी है। पहलगाम का बदला जरूरी था जो भारत सरकार के मार्गदर्शन मे भारतीय सेना ने ले लिया। इस कार्यवाही से सबका मन प्रसन्न है। पाकिस्तान जवाबी कार्यवाही करता है तो उनका मुंहतोड़ जवाब मिलना चाहिए। - रामूराम साहू

पूरी दुनिया मे पाकिस्तान एक आतंकी देश है।उनके नापक हरकतों से लोगो की जाने जाती रही है। पहलगाम की घटना ने पूरे देश को झकझोर के रख दिया है। हमारी भारतीय सेना ने पाकिस्तान मे घुसकर वहां पर पोशित एवं पल्लवित होने वाले आंतकी एवं उनके ठिकानों को ठिकाने लगाया है जो भारतीय सेना के साथ साथ हम सभी के लिए गर्व का विशय है।- जगदीश यादव

---

# नगरीय प्रशासन मंत्री ने पेयजल संकट को लेकर निगम अधिकारियों की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महापौर मीनल चौबे के अनुरोध पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मंगलवार को रायपुर नगर निगम के अधिकारियों की बैठक ली। श्री साव गर्मी में सुगम जलप्रदाय करनेनगर पालिक निगम को राज्य शासन के साथ मिलकर कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने कहा है राजधानी शहर रायपुर में गर्मी में कहीं भी पेयजल संकट की समस्या ना आये, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये। पेयजल समस्या आने पर वहाँ तत्काल टीम भेजकर पेयजल समस्या दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को स्मार्ट सिटी की 24 घंटे पेयजल आपूर्ति योजना में शेष बची टेस्टिंग और कमीशनिग का कार्य तत्काल पूर्ण करने हिदायत दी। अरुण साव ने निगम के अधिकारियों से दो टूक शब्दो में कहा नागरिकों को



गर्मी में पेयजल आपूर्ति करने के कार्य में लापरवाही सहन नहीं किया जायेगा। पेयजल संकट के निदान पर ली गयी अहम बैठक में महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकान्त राठौर, जल कार्य विभाग अध्यक्ष संतोष- सीमा साहू, नगरीय प्रशासन एवं विकास सचिव डॉक्टर बसव राजू एस, नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय के संचालक आर. एक्का, नगर निगम आयुक्त विश्वदीप, राज्य शहरी विकास अभिकरण के मुख्य कार्यपालन अभिकारी शशांक पाण्डेय,नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग और नगर पालिक निगम रायपुर के सम्बंधित वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति रही।

---

# युक्तियुक्तकरण से पहले शिक्षकों की पदोन्नति और स्थानांतरण की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कर्मचारी फेडरेशन और संयुक्त शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी एवं संचालक लोक शिक्षण संचालनालय ऋतुराज रघुवंशी से मुलाकात कर शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की विसंगतियों को दूर करने की मांग की है। शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण से पहले लंबित पदोन्नति और स्थानांतरण करने की मांग रखी है। फेडरेशन ने कहा, युक्तियुक्तकरण लागू होने के बाद स्थानांतरण पर बेन हटाने व पदोन्नति करने से स्कूलों में शिक्षकों के पद पुनः रिक्त हो जाएंगे। यदि स्थानांतरण और पदोन्नति पहले की जाती है, फिर युक्तियुक्तकरण की सारी चीजें व्यवस्थित होंगी।



छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रदेश संयोजक कमल वर्मा के नेतृत्व में छग संयुक्त शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष केदार जैन, जागरूक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष जाकेश साहू एवं सर्व शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप पांडेय ने अपनी टीम के साथ मंगलवार को शिक्षा सचिव और डीपीआई से मुलाकात की।

उन्होंने मांग की है कि 2008 के सेटअप के आधार पर युक्तियुक्त करण की मांग फेडरेशन ने की, जिसके तहत प्राथमिक शालाओं में अधिकत 60 दर्ज संख्या पर एक प्रधान पाठक सहित दो सहायक शिक्षकों को पदस्थ करने की मांग की गई। इसी प्रकार मिडिल स्कूलों में एक प्रधान पाठक सहित पांच शिक्षक पदस्थ करने ज्ञापन व मांगपत्र दिया।

---

### अनुसूचित जाति और ओबीसी वर्ग के नेताओं को मिलेगा मौका

# बैज बने रहेंगे अध्यक्ष, कांग्रेस में दो नए कार्यकारी अध्यक्ष बनाने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ कांग्रेस में बड़े बदलाव की तैयारी हो रही है। लगातार चुनावी हार के बाद नेतृत्व परिवर्तन की चर्चा तेज हो गई है और इस बार कांग्रेस हाईकमान 2 कार्यकारी अध्यक्षों के फॉर्मूले पर गंभीरता से विचार कर रहा है। रायपुर से लेकर दिल्ली तक इस मुद्दे पर मंथन हो रहा है। छत्तीसगढ़ में विधानसभा, लोकसभा चुनाव में मिली हार के बाद दीपक बैज को बदले जाने की चर्चा जोरों पर थी। कांग्रेस संगठन फिलहाल छत्तीसगढ़ में प्रदेश अध्यक्ष को न बदलते हुए संगठन को मजबूती देने दो नए कार्यकारी अध्यक्ष की नियुक्त पर विचार कर रहा है। कांग्रेस पार्टी पूर्व में भी दो कार्यकारी अध्यक्ष के फार्मूले अंजाम दे चुकी है। बताया जाता है कि आदिवासी वर्ग से प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने के बाद कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में अनुसूचित जाति और ओबीसी वर्ग के नेताओं को मौका दिया जा सकता है।

#### सभी वर्गों को साधने की रणनीति

अगर यह फॉर्मूला सफल होता है, तो 2028 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस अपनी सियासी रणनीति को और धार दे सकती है। आदिवासी और ओबीसी समीकरण को साधने से पार्टी को सत्ता में वापसी का मजबूत आधार मिल सकता है। पार्टी में असंतोष दूर करने के लिए सभी वर्गों को साधने प्रभारी सचिवों के माध्यम से सभी जिलों में कांग्रेस संगठन को मजबूत करने का प्रयास जारी है।



#### संतुलन बनाकर साधने की कोशिश

इन नेताओं की सक्रियता भी संकेत दे रही है कि वे भी किसी महत्वपूर्ण भूमिका में आ सकते हैं। कांग्रेस हाईकमान संतुलन बनाकर दोनों प्रमुख वर्गों को साधने की कोशिश कर रहा है। इसके अलावा भी कई ऐसे पूर्व विधायक हैं, जिनके नाम दिल्ली तक पहुंच चुके हैं। कांग्रेस हाईकमान को संतुलन बनाने के लिए जातीय और क्षेत्रीय समीकरणों पर गंभीरता से विचार करना होगा।

---

# भाजपा सरकार को चेतावनी देने आज कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

बिलासपुर में 8 मई को आयोजित कांग्रेस की राज्य स्तरीय 'संविधान बचाओ रैली' को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, केंद्र की अधिकनायकवादी मोदी सरकार ने संवैधानिक संस्थाओं और लोकतांत्रिक व्यवस्था को तार-तार कर दिया है। देश के संसाधनों पर अपने पूंजीपति मित्रों का एकाधिकार बनाने लगातार जन विरोधी निर्णय थोपे जा रहे हैं, जिसके खिलाफ कांग्रेसजन हर स्तर पर लड़ाई लड़ रहे हैं। जातिगत जनगणना पर मोदी सरकार का यू टर्न नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के संघर्ष की जीत है। सामाजिक न्याय को लेकर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के परिश्रम की जीत है।

- जातिगत जनगणना पर मोदी सरकार का यू टर्न, कांग्रेस की जीत- बैज



उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दबाव में आकर जातीय जनगणना कराने के लिए यू-टर्न लिया है। भाजपा के नेता जातिगत जनगणना के मांग को देश तोड़ने की साज़िश बताते थे। संसद में जातीय जनगणना की मांग करने वालों को बीजेपी के सांसद अर्बन नक्सल कहते थे, वे अब मोदी का मास्टर स्ट्रोक बता रहे हैं। कांग्रेस पार्टी इस मांग पर जीत होने पर विजय सभा के रूप में संविधान बचाओ रैली करेगी।

#### तीन प्रमुख मांगों को लेकर जनता के बीच जाएगी

उन्होंने बताया कि अब कांग्रेस तीन मांगों प्रमुख मांगों को लेकर जनता के बीच जाएगी और केंद्र की मोदी सरकार पर दबाव बनाएगी। पहला आरक्षण में 50 प्रतिशत की सीलिंग हटाने की मांग, दूसरा केंद्र की सरकार ने नेशनल बजट के एलोकेशन में एस, एसटी के लिए बजट दुर्भावना पूर्वक कम किया जा रहा है, उसे बढ़ाया जाए। पॉपुलेशन के आधार पर बजट हो। सभी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ओबीसी के युवाओं को प्राइवेट शिक्षण संस्थानों में भी आरक्षण दिया जाए।

## खबर संक्षेप

### 60 हजार का गांजा जब्त, एक गिरफ्तार

**महासमुंद।** सांकरा पुलिस ने बाइक सवार युवक से 60 हजार रुपए का 6 किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि 6 मई को सूचना मिली थी कि ओडिशा उरईदादर से छत्तीसगढ़ की ओर सल्डींह रोड से मोटर सायकल से गांजा लेकर जाने का संदेह है। सूचना के बाद ग्राम जामजुड़ा चौक सल्डीह रोड पहुंचकर नाकाबंदी किया गया। करीबन 12.30 बजे एक बिना नंबर बजाज पल्सर मोटर सायकल से एक व्यक्ति आता दिखाई दिया, जो रोके जाने पर भागने का प्रयास करने लगा। जिसे दौड़ाकर पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम घनश्याम मनहर पिता शंकरलाल मनहर (22 साल) बकलोटा थाना बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ का निवासी होना बताया। पीठ में लटकाये पिट्ठू बैग में गांजा होना बताया। तलाशी के दौरान बैग के अंदर सफेद हरा रंग की झिल्ली में लिपटा 06 पैकेट पदार्थ गांजा बरामद किया गया। गांजा को गवाहों के समक्ष तौल कराया गया, 6 किलो 30 ग्राम कीमत 60000 रुपए होना पाया गया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 20(ख) नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार किया गया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, केस दर्ज

**रायपुर।** सिविल लाइंस पुलिस ने एक्सीडेंट में एक युवक की मौत के मामले में जांच के बाद अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया है। घटना 11 मार्च को राजातालाब के पास एक्सप्रेस-वे ब्रिज पर हुई थी। मनीष शिंदे निवासी बच्चन कॉलोनी गुढ़ियारी का रहने वाला था। घटना के समय मृतक एक्टिवा से जा रहा था। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी थी, जिससे उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने इस घटना की जांच के बाद धारा 106 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### मकान में धावा, 96 हजार के जेवर पार

**रायपुर।** सरस्वती नगर थाना क्षेत्र में एक मकान में चोरी हो गई। प्रार्थी खेमिन ठाकुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 28 मार्च से लेकर 29 अप्रैल के दौरान उसके कुकुरबेड़ा स्थित मकान में कोई चोर प्रवेश कर आलमारी में रखे सोने के जेवर चोरी कर ले गया। चोरी गए जेवर की कीमत लगभग 96 हजार रुपए बताई जा रही है।

वनोपज : तेंदूपत्ता संग्रहण ग्रामीण अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा, आजीविका संवर्धन का साधन

# मूडिपानी और रसेला की समितियों ने तेंदूपत्ते तोड़ाई की शुरूआत की

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला


क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह से हो रहे लगातार बारिश ने तेंदूपत्ता संग्रहण एक सप्ताह लेट से प्रारंभ हुआ है। दिन भर तेज धूप के बाद शाम को होने वाले बारिश की वजह से तेंदूपत्ता के संग्रहण 7 मई को रसेला समिति और मुढीपानी समिति ने तेंदूपत्ता तोड़ाई चालू किया गया। इसी कड़ी में जनपद उपाध्यक्ष कुलेश्वर सोनवानी, सुखराम ठाकुर सभापति जनपद ने फड पहुंचकर फड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान फड मुंशी अशवत सेन, राजू चौहान पंच, हेमंत सेन, छबीलाल ठाकुर, मिलन मरकाम आदि मौजूद रहे। समिति के अनुसार 1 मई से तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य शुरू होने वाला था लेकिन बेमौसम बारिश का सिलसिला जारी रहा। तेंदूपत्ता को बांध कर रखने के लिए ग्रामीण जंगल जा कर एक विशेष पेड़ से

■ तेंदूपत्ता को सही रखने के लिए जंगलों से लाते हैं विशेष पेड की छाल



छाल निकाल कर लाते हैं, ग्रामीण भूवेन्द्र मरकाम, कसराम ठाकुर, मकरम ठाकुर, पीला बाई,टिकेश्वरी कोमर्रा ने बताया कि अटायन के वृक्ष की छाल निकाल कर लाते हैं, इस छाल की रस्सी बना कर तेंदूपत्ता को बांध कर रखते हैं। इस रस्सी की खास बात यह होती है कि इसमें दीमक नहीं लगती और हरा सोना यानी की तेंदूपत्ता सुरक्षित रहता है। एक मानक बोरे में तेंदूपत्ता की एक हजार गड्डियां होती है। और प्रत्येक गड्डी में 50 पत्ते होते हैं। तेज कड़कती धूप में कड़ी मेहनत कर हरा सोना यानी तेंदूपत्ता का संग्रहण करने वाले ग्रामीण बुधवार को सुबह 5 बजे से ही तेंदूपत्ता संग्रहण के लिए परिवार सहित घर पर सिर्फ़ बुजुर्ग को छोड़ा गया घर की देखभाल करने, सुबह गांव की गलियों में वीरान छा गए थे। वनांचल क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीणों के लिए यह कहावत वास्तव में चरितार्थ होती है, तेंदूपत्ता यहां सोने जैसा है। छुरा परिक्षेत्र के अंतर्गत 16 समितियों में तेंदूपत्ता फंडों में ठेके के माध्यम से खरीदी की जाती है। इस समय जंगलों में तेंदुआ, भालू, हांथी की सूचना मिलने लगा है। तेंदूपत्ता संग्राहकों को जंगल जाना पड़ता है यही कारण है कि सतर्कता भी बेहद जरूरी है। इसी कारण गांवों में कोटवार द्वारा मुनादी करवा दिया गया है। तेंदूपत्ता ग्रामीण अर्थव्यवस्था और आजीविका संवर्धन का प्रमुख साधन होता है।

# बरसात से पहले पूरा होगा मड़ेली-जरगांव पुल निर्माण आवागमन होगा सुगम



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

मड़ेली जरगांव मार्ग पर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण कार्य चल रहा है कार्य स्तर पर पहुंचने पर पता चलता है कि उक्त पुल का निर्माण बरसात के पूर्व हो जाएगा और विशेष कर दो पहिया वाहनों का आना जाना बरसात में चालू हो जाएगा, उक्त पुल की लंबाई 90 मीटर और पुल की चौड़ाई 8.40 मी पथ की चौड़ाई 7.5 0मीटर है, कुछ तकनीकी समस्याओं की वजह से पुल का कार्य काफी धीमी गति से चल रहा था किंतु विगत समय से कार्य में प्रगति आई है।

आखरी का एक स्लैब ढालने के लिए बचा हुआ है वहां कार्यरत लोगों से चर्चा करने में बताया कि उनका लक्ष्य मई जून में कार्य पूरा किया जाना है और इस बरसात में लोगों के लिए पुल खुल जाएगा, उक्त पुल के खुलने से जरगांव मड़ेली के लोगों को जाने के लिए एक सरल रास्ता उपलब्ध हो जाएगा, विशेष कर बरसात में दूर-दूर से आने वाले लोग जतमई घटारानी के लिए जाते हैं किंतु उन्हें मड़ेली होकर घूमना पड़ता था अब उन्हें सीधे रास्ता से घटारानी तक पहुंचा जा सकता है, इसी तरह जतमई हेतु सड़क मार्ग पर कार्य चल रहा है विशेष कर घाट को काटकर दो लाइन करने का कार्य चल रहा है उन्हें भी उम्मीद है की बरसात के पूर्व लोगों के आवागमन के लायक का कार्य हो जाएगा ।

■ बरसात से पहले घटारानी मार्ग पर भी सड़क चौड़ीकरण कार्य तेज़

# भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम की एक झलक है आपरेशन सिंदूर: साहू

**नवापारा-राजिम।** पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू ने कहा कि भारतीय सेना द्वारा 6-7 मई की मध्य रात्रि पाकिस्तान के 8 इलाकों के आतंकी कैंपों में ( ऑ प रे श न सिंदूर)सर्जिकल स्ट्राइक कर बड़ी संख्या में आतंकवादियों को मौत के घाट उतार दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में की गई यह कार्रवाई भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम की एक छोटी सी झलक है।



■ पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू ने की भारतीय सेना की सराहना

22 अप्रैल को पाकिस्तान के संरक्षण वाले कायर आतंकवादियों द्वारा जिस तरह 28 निर्दोष पर्यटकों की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, उससे पूरे देशवासियों में आक्रोश भर गया था । देशवासी भारत सरकार से इसका बदला लेने की मांग कर रहे थे और आखिरकार प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना ने एक बार फिर पाकिस्तान में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक करते हुए भारतवासियों की इच्छा पूरी करते हुए पहलगाम में मारे गए हिन्दुस्तानियों की मौत का बदला ले लिया। श्री साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना के पराक्रम और शौर्य से पाकिस्तान सहित अन्य दुश्मन देश भयभीत हैं। यही वजह है कि पाकिस्तान भारत के साथ सीधी लड़ाई से डरता है और अपने पाले आतंकवादियों के द्वारा भारत में युद्ध चलाते आया है। लेकिन ये आज का सशक्त और सक्षम भारत है, जो अपने लोगों की सुरक्षा करने के साथ-साथ हर खतरे को मिट्टी में मिला देने की क्षमता रखता है।

# खुले में लटक रही हाई वोल्टेज तार, बड़ी दुर्घटना को दिया जा रहा आमंत्रण, विभाग बेपरवाह

**कोपरा।** क्षेत्र के ग्राम देवरी में बिजली विभाग की घोर लापरवाही का मामला सामने आया है जहां खुले गली में सीना तानकर हाई वोल्टेज करंट की तार लटकी हुई है बिजली का पोल धस चुका है किंतु बिजली विभाग अपनी गहरी निद्रा में सोए हुए हैं यह तो बिजली विभाग की लापरवाही लगातार सामने आ रही है जहां क्षेत्र के कई जगहों पर पोल पेड़ पर गिरा हुआ है तो कहीं खुलेआम गली पर करंट तार लटक रहा है।

■ बिना सूचना घंटों बिजली कटौती, दिन-रात हो रही ग्रामीणों को परेशानी

रोजाना घंटो तक बेवजह बिना कारण दोपहर, शाम रात लाइट बंद कर दिया जा रहा है जिससे काफी लोग परेशान हैं रात को लोगों को ज्यादा दिक्कतों का सामना करना



पड़ रहा है मनचाहा मनमर्जी बिजली कटोती से लोग आक्रोश है। वही ग्राम देवरी के सरपंच प्रतिनिधि सुरेंद्र साहू ने बताया कि लगातार बिजली विभाग को सूचना देने के बावजूद हमारे गांव देवरी के स्कूल पारा मे महज छः फिट की ऊंचाई पर एक हाई वोल्टेज करंट की तार प्रवाहित हो रही है जिसको हटाने के लिए कई बार कहा गया किंतु इस ओर बिजली विभाग अपना रुचि नहीं दिखा रही है. बिजली विभाग किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रही है।

# रवेली प्लास्टिक बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का क्वार्टर फाइनल देखने पहुंचे जिपं सदस्य इंद्रजीत महाडिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

क्षेत्र के ग्राम रवेली में लगातार द्वितीय वर्ष रात्रिकालीन प्लास्टिक बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन गांव के राधा कृष्ण मैदान में किया गया है जहां मौसम की खराबी के चलते रुक-रुक कर प्रतियोगिता आगे बढ़ रहा है. जहाँ मंगलवार को क्वार्टर फाइनल मुकाबले में रात्रिकालीन क्षेत्र के युवा जोश हर दिल अजीज युवाओं के चहेते जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाडिक पहुंचे, जहां इंदजीत का जोरदार स्वागत किया गया।

■ खेल और शिक्षा दोनों में संतुलन जरूरी – इंद्रजीत महाडिक

पंडितराई और तौरेंगा के बीच शानदार मुकाबला चल रहा था जहा तौरेंगा ने रोमांचक मुकाबले को जीत लिया, इस दौरान पूर्व सरपंच प्रतिनिधि लालजी साहू, भूत पूर्व



सरपंच तुलसी निषाद, टूकेश्वर प्रजापति, मनोज कश्यप, घनश्याम निषाद, खुमान निषाद, बेदन साहू,विष्णु निषाद, सूर्यश, सहित आसपास से पहुंचे क्रिकेट खिलाड़ियों की उपस्थिति रहे, कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए इंद्रजीत महाडिक ने कहा कि जीवन में खेल का महत्व बहुत जरूरी है पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी हमारे महत्वपूर्ण अंग है आसपास से पहुंचे सभी खिलाड़ी भाई बंधु गांव के बड़े बुजुर्ग माता स्वरूपा दाई दीदी वह आयोजन समिति के युवाओं को बहुत-बहुत धन्यवाद ज्ञापित करता हूं कि मुझे इस पावन ग्राम के धरा में पहुंचने का अवसर मिला किसी भी प्रकार की कोई भी खेल इस गांव में हो तो मेरा विशेष सहयोग इस गांव को रहेगा साथ ही साथ सभी युवा बच्चों को पढ़ाई से लेकर खेल तक अपना फोकस रखना चाहिए ताकि आने वाले भविष्य में हमें किसी भी प्रकार के खेलों में भाग लेने का अवसर मिले और अपने भविष्य को वह अपने गांव के नाम को आगे बढ़ा सके वही आयोजक समिति के द्वारा गुलाल लगाकर गमछा भेंट कर सदर विदाई दिया इसके बाद पुनः खेल प्रारंभ हुआ।

# हायर सेकंडरी स्कूल बिजली का शत प्रतिशत रहा परिणाम



**छुईहा** बेलर। माध्यमिक शिक्षा मंडल छत्तीसगढ़ परिणाम घोषित में हायर सेकंडरी स्कूल बिजली का परिणाम शत प्रतिशत रहा है। गीता साहू बिजली कक्षा 12 वीं स्कुल में 83% अंक व दसवीं में आरती सोनवानी 67%अंक अर्जित कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वही हायर सेकंडरी स्कूल छुईहा 12 वीं चंचल सिन्हा 78% अंक अर्जित कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जनपद सभापति नंदू यादव, सरपंच बिजली पद्मा मोती निषाद, पंच डोमन साहू बिजली, सरपंच छुईहा गजेश्वर सिन्हा, प्राचार्य बिजली पुरन साहू, प्राचार्य छुईहा एम के साहू, घनश्याम सोनवानी, भागीरथी सिन्हा छुईहा ने शुभकामनाएं दी।

# बाघ पुनर्स्थापन की तैयारी में जुटा टाइगर रिजर्व, फील्ड स्टाफ को मिला विशेष प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के इको सेंटर कोयबा में बाघ और शाकाहारी जानवरों की गणना पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के फील्ड बायोलॉजिस्ट अनिल दशहरे ने लगभग 150 फील्ड स्टाफ को वन्यजीव गणना पर प्रशिक्षण दिया। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व को एनटीसीए द्वारा मध्य प्रदेश से 2 मादा और 1 नर बाघ को स्थानांतरित करने की अनुमति मिल गई है।

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में 10 दिन पहले बाघ के 2 अलग-अलग पगमार्क और 2 शिकार किए गए मवेशी मिले थे। वर्तमान में बाघ की ट्रैकिंग की जा रहीं है। प्रशिक्षण





फील्ड स्टाफ के लिए गश्त के दौरान बाघ, तेंदुआ जैसे कार्निवोर और हाथी, गौर जैसे बड़े शाकाहारी जानवरों के मल, पदचिन्हों, ट्रैप कैमरा फोटो से उनकी उपस्थिति व संख्या ज्ञात करने में मददगार होगा,उप निदेशक वरुण जैन, एसडीओ गोपाल कश्यप, रेंजर डीएन सोनी, प्रतिभा मेशराम, शैलेश बघेल, अमर सिंह ठाकुर, केजूराम कोरचे, सुशील सागर और चंद्रबली धुरव के साथ कंप्यूटर ऑपरेटर लाल बहादुर भीलेपरिया पेट्रोलिंग स्टाफ के साथ उपस्थित थे। मध्य प्रदेश कैडर के सेवानिवृत्त आईएफएस अधिकारी आर श्रीनिवास मूर्ति ने भी बाघों के पुनर्स्थापन के लिए आवास का आकलन करने के लिए उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व का दौरा किया। 2009 में पन्ना टाइगर रिजर्व के क्षेत्र निदेशक के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान बाघों की संख्या शून्य से बढ़कर 40 हो गई थी।

# महाविद्यालय में मॉक ड्रिल अभ्यास कार्यक्रम विद्यार्थियों को दिया गया आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय (मप्र- छग) भोपाल के आदेशानुसार 7 मई 2025 को प्रो. करुणा दुबे के मार्गदर्शन एवं एवं डॉ मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो के निर्देशन में नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। राष्ट्रीव सेवा योजना इकाई एवं एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं को नागरिक सुरक्षा तैयारियों को मजबूत करने के लिए नागरिक सुरक्षा नियम 1968 की धारा 19 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए गृह मंत्रालय भारत सरकार ने 7 मई 2025 को देश के 244 वर्गीकृत नागरिक सुरक्षा, जिलों में नागरिक सुरक्षा अभ्यास और पूर्वाभ्यास के तहत यह मॉक ड्रिल अभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में नागरिक सुरक्षा तंत्र को मजबूत कर उसे बढ़ावा देना है। लेफ्टिनेंट प्रदीप कन्हेर ने विद्यार्थियों को बताया कि यदि किसी प्रकार की हवाई हमले या शत्रुतापूर्ण हमले से प्राथमिक उपचार कैसे करना चाहिए, उसको बताया गया। साथ ही हमें उस समय में हमारे पास उससे बचने के क्या साधन है उसको पहले देखना है।

# कलेक्टर ने भेण्डरी में लिया सुशासन तिहार व समाधान शिविर की तैयारियों का जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

ग्राम भेण्डरी में 23 मई को सुशासन तिहार समाधान शिविर के आयोजन को लेकर धमतरी कलेक्टर अविनाश मिश्रा बुधवार को पहुंचे। यहां उन्होने हेलीपेड, स्टेडियम और हाईस्कूल ग्राउंड का निरीक्षण किया तथा ग्राम पंचायत भवन में एक विशेष बैठक ली।

जिसमें ग्रामीणों ने कलेक्टर के ध्यान में एडीबी के तहत अधूरे सड़क निर्माण, मौहापारा एप्रोच रोड, नाली कार्य अधूरा, एक और यात्री प्रतीक्षालय, केनाल नहरपार प्रधानमंत्री सड़क, जैतखंभ पर शेड



निर्माण, मिनी स्टेडियम रोड, ठाकुर दिया गौरव पथ, जूना तालाब सौन्दर्यीकरण तथा महाविद्यालय की मांग को लाया। साथ ही जनपद अध्यक्ष बीरेंद्र साहू ने मगरलोड के शराब भट्टी को मेन रोड से हटाकर दूसरे स्थान पर ले जाने की मांग किया। इसके साथ ही दुलना, खट्टी, कोपरा एनीकेट पानी निकासी के जर्जर गेट को लेकर ध्यान आकर्षित किया।

**ये रहे उपस्थित**-बैठक में धमतरी एसपी सूरज सिंह, जिला पंचायत के सीईओ रोमा श्रीवास्तव, एसडीएम कुरूद नभसिंग कोसले, मगरलोड सीईओ दिव्या ठाकुर, नायब तहसीलदार चित्रसेन साहू, सरपंच राजेश्वरी-आनंद पटेल, जनपद सदस्य विनीता-संतशरण साहू, सभापति राजेश साहू, उपसरपंच राधे पटेल, पूर्व सरपंच प्रीतराम देवांगन, डॉ चुम्मन साहू, भाजपा नेता होरीलाल साहू, हेमंत साहू, कोमल सिन्हा, डोशन सिन्हा, लेखराम साहू, छबि विनायक सहित अनेकों ग्रामीण मौजूद थे।



# राजिम में हार्वेस्टर से धान कटाई तेज़, तेज आंधी व बारिश ने बढ़ाई किसानों की चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

मई के लगते ही राजिम क्षेत्र में रबी फसल धान की कटाई बहुत तेजी के साथ प्रारंभ हो गई है। क्षेत्र के अधिकतर किसान हार्वेस्टर से कटाई करवाने में जुटे गए है। कहना होगा कि मई लगते ही तारीख 1 को इस कदर हवा तूफान और बारिश हुई कि एकबारगी किसान इससे डर गए। तूफान से एक बड़े रकबे में खड़ी फसल धान खेतो में ही सो गई। दो-तीन दिन का इंतजार किसान और किए और जब मौसम एकदम साफ हुआ तो धड़ाधड़ कटाई में जुट गए।

वहीं रबी फसल के काम के लिए गांव में मजदूर मिलना बहुत मुश्किल रहता है। मजदूर मिलते नही है क्योंकि तेज धूप और गर्मी भी चरमसीमा में है। वहीं शादी-ब्याह का सीजन भी चल रहा है। लिहाजा किसानो के लिए एकमात्र सहारा हार्वेस्टर मशीन ही रह गया है। इसलिए क्षेत्र के खेतो में अब यह मशीन कटाई के लिए उतारा जा रहा है। हालांकि पिछले दिनो हुई अंधड़ और बारिश से कहीं-कहीं खेत भी गिले है जहां इस मशीन का उतरना संभव नही हो पा रहा है। बारिश से किसानों को कितना नुकसान हुआ है यह कह पाना अभी मुश्किल है। खेतो में जहां फसल सो गई है वहां कटाई से बालियां झड़ने की खबर आ रही है। मालूम हो कि राजिम क्षेत्र में एक बड़े रकबे में किसान रबी फसल धान की खेती करते है। दिसंबर से शुरू किया हुआ खेती का काम अप्रैल के अंत से पूरा मई भर चलता है तब कहीं ले देके कटाई पूरी हो पाती है। रबी फसल धान की कटाई होने के तत्काल बाद किसान खरीफ फसल की तैयारी में जुट जाएंगे। बता दें कि राजिम से लेकर सिंधौरी,बरोंडा,श्यामनगर, सुरसाबांधा,कोपरा सहित पचासो गांव में किसान धान की फसल लगाए हुए है। अब अधिकतर गांव में फसल कटाई प्रारंभ हो गया है।

## हार्वेस्टर से धान की कटाई प्रारंभ, गीले खेतों में अब भी दिक्कत





### फसल कटते ही खरीफ फसल की तैयारी

कहीं-कहीं किसान खेतो के पूरे सूखने का इंतजार कर रहे है। शादी सीजन के चलते मजदूरों की समस्या आ रही है। इसलिए किसानों को हार्वेस्टर से कटाई कराना मजबूरी है। रोड किनारे के खेतों में कटाई प्रारंभ हो गई है। अंदर के खेतों को अभी थोड़ा इंतजार और करना पड़ेगा। जिन खेतों में रबी की फसल नहीं लगाई गई है वहां मई के पहले सप्ताह में हुई बारिश को अकरस पानी मानकर जुताई भी की जा रही है। जून के लगते ही खरीफ फसल के लिए धान बुवाई शुरू हो जाएगा। हार्वेस्टर कटाई से किराया बढ़ गया है। प्रति घंटा 2500 से 3000 का रेट लिया जा रहा है। कटाई के बाद 2 से तीन दिन धान को सुखाने की आवश्यकता होती है। तब जाकर धान भंडारण अथवा बेचने योग्य होती है। बारिश के कारण धान की फसल को नुकसान हुआ है। पीली चमकीली धान में कहीं-कहीं काली धारिया दिखाई दे रही है। परिणामस्वरूप बाजार में कीमत पर भी असर पड़ेगा।

## खबर संक्षेप

### दुर्लभ तस्वीर कैमरे में हुई कैद



**मैनपुर।** उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व एरिया कुल्हाडीघाट वन परिक्षेत्र के जंगल में लगाऐ गये ट्रेप कैमरा में एक दुर्लभ तस्वीर कैद हुई है वन्य प्राणी कब्र बिच्छू नन्हे शावक को अपने मुंह में दबाकर ले जाता दिख रहा है इस तस्वीर को हमारे अखबार में प्रकाशित करने के लिए उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन ने उपलब्ध कराई है।

### पांचवी में आदित्य ने हासिल किए 91.50 फिसदी अंक

**राजिम।** बेलटुकरी सरस्वती शिशु मंदिर के कक्षा पांचवी के छात्र आदित्य साहू ने 91.50 फिसदी अंक लेकर परीक्षा पास किया है। छात्र आदित्य नीतू- मनोज साहू के पुत्र है। इनकी सफलता पर हीरालाल साहू, कुसुम साहू, चंद्रलता साहू, खेलावन साहू, गिरजा साहू, आयुष साहू, भवकुमार हिरवानी, कुमार साहू, रूपांशु साहू, यमन साहू, पुरूषोत्तम चक्रधारी ने बधाई दी है।



### लापरवाही बरतने के कारण दो शिक्षक निलंबित

**मैनपुर।** अध्यापन कार्य में लापरवाही, अनाधिकृत रूप से कर्तव्य से अनुपस्थित रहने तथा कर्तव्य अवधि में मद्यपान के स्थिति में पाये जाने के कारण दो सहायक शिक्षकों को निलंबित किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिये है। विकासखंड मैनपुर के अंतर्गत प्राथमिक शाला भरूवामुड़ा के सहायक शिक्षक नरेश कुमार कश्यप एवं प्राथमिक शाला साहेबिनकछार के सहायक शिक्षक हरिराम नाग को निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में संबंधित को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

### सीमा कंवर ने 10वीं में हासिल किया 86 प्रतिशत



**रसेला।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कनसिंघी में अध्ययन रथ ग्राम कोड़ामाल (दादरगांव नया) निवासी कुमारी सीमा कंवर जो दसवीं में 86 प्रतिशत अंक हासिल प्राप्त किया है। मेरे रिजल्ट अच्छे आना से मैं बहुत खुशी हूं और मैं इस उपलब्धि के लिए बधाई देना वाला में छात्र के अलावा संस्था के प्राचार्य माता पिता गोविंद कंवर, ग्राम पंचायत दादरगांव (नया) के सरपंच हेमलता ध्रुव, भोज ध्रुव, भगवान सिंह दीवना, लीला ध्रुव, सुखन्तीन ध्रुव सहित ग्रामीण जन ने उज्जवल भविष्य की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### उधार में समान देने से मना करने पर मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** उधार में समान देने से मना कर एक व्यक्ति द्वारा जान से मारने की धमकी और मारपीट करने का मामला सामनेआया है। सिंघोड़ा पुलिस को मोहित पटेल ग्राम बोईरमाल ने बताया कि 6 मई को गांव में रात्रिकालीन क्रिकेट खेत में हो रहा था।

## निधन

### बाबूलाल साहू

**राजिम।** राजिम भक्तिन माता समिति के पूर्व अध्यक्ष तथा जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल साहू का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को राजिम में हुआ। वे अधिवक्ता अनुशासन साहू एवं शिवेंद्र साहू के पिता थे। अंतिम संस्कार में विधायक रोहित साहू,राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू सहित समाज के और शहर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।



## योजना : नगरीय प्रशासन विभाग ने राज्यस्तरीय कार्यशाला की आयोजित, निकाय में 5 वर्षों की कार्ययोजना पर चर्चा

# निकायों से समन्वय स्थापित करें, तालाब, नदी व कुओं के संरक्षण के लिए सरकार प्रतिबद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा 2 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसे नगर सुराज संगम 2025 का नाम दिया गया है। इस कार्यशाला में डिप्टी सीएम एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव, नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव बसवराजू एस, नगरीय निकाय के अधिकारी विशेष रूप से शामिल थे। जिसमें छत्तीसगढ़ के सभी नगर पालिका एवं नगर पंचायत के अध्यक्ष, मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अभियंता शामिल हुए।

कार्यशाला के माध्यम से आगामी 5 वर्षों में निकाय की रूपरेखा एवं कार्ययोजना के संदर्भ में विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित सभी नपा एवं नगर पंचायत अध्यक्ष को उनके अधिकार एवं कर्तव्य के बारे में बताया गया। सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं अभियंता को निकाय क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य करने के निर्देश दिए गए। डिप्टी सीएम एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने साफ-साफ कहा कि निकायों में समन्वय स्थापित कर बेहतर कार्य करे। कहा कि सभी जल स्त्रोत नदी, तालाब एवं कुओं के संरक्षण के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। निकाय के सभी प्रमुख कार्यों के बारे में सूक्ष्मता से चर्चा की गई। गौरतलब है कि नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा 2 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन दिनांक 5 एवं 6 मई को किया गया था। जिसमें प्रथम दिन छत्तीसगढ़ के सभी महापौर, आयुक्त एवं निगम के अधिकारियों को बुलाया गया था। एवं द्वितीय दिवस 6 मई को छत्तीसगढ़ राज्य के सभी नगर पालिका अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष, मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं निकाय अभियंता कार्यशाला में शामिल हुए।





### कार्यशाला से नई ऊर्जा का संचार-ओमकुमारी

नगरीय निकाय द्वारा आयोजित कार्यशाला में नवापारा नगर पालिका के अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने रायपुर संभाग की ओर से प्रतिनिधित्व करते हुए नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव का स्वागत किया। ओमकुमारी साहू ने बताया कि कार्यशाला में निकाय के कार्य संबंधित आवश्यक जानकारी प्राप्त हुई। कार्यशाला में शामिल होने से नई ऊर्जा का संचार हुआ है। निश्चित रूप से प्राप्त जानकारियों का लाभ आगामी 5 वर्षों में नगर के विकास के लिए किया जाएगा।

### राजिम त्रिवेणी प्यासी, सफाई की अत्यन्त आवश्यकता -महेश यादव

नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा आयोजित कार्यशाला नगर सुराज संगम 2025 में नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने डिप्टी सीएम अरुण साव एवं सचिव नगरीय प्रशासन के समक्ष महानदी में प्रदूषण की समस्या को प्रमुखता से उठाया। श्री यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ का प्रयाग तीन नदियों का संगम राजिम त्रिवेणी प्यासी है। नदी खेल के मैदान में तब्दील हो गया है। महानदी में प्रदूषण फैला हुआ है। अतः महानदी एवं त्रिवेणी के सफाई की अत्यंत आवश्यकता है। महानदी के संरक्षण की अत्यन्त आवश्यकता है। बता दे कि राजिम नगर पंचायत अध्यक्ष बनने के बाद से ही महेश यादव महानदी की सफाई के लिए सभी फोरम में आवाज उठा रहे है। महानदी की सफाई के लिए वे दृढ़ संकल्पित है।

# पॉकेटमनी से स्कूली बच्चे बुझा रहे राहगीरों का प्यास



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

इन दिनों भीषण गर्मी का सितम चल रहा है ऐसे में राहगीरों की प्यास बुझाने का जिम्मा उठाया है देवभोग ब्लाक के गाड़ाघाट गांव के स्कूली छात्रों ने। ज्ञात हो कि गर्मी का छुट्टी में आम तौर पर छात्र गर्मियों की छुट्टी बिताने अपने रिश्तेदारों के यहां घूमने जाते है लेकिन इन छात्र छात्रओं ने गर्मी की छुट्टी राहगीरों की प्यास बुझाने के लिए कर रहे हैं घर से दिया जाने वाले पॉकेट मनी को इकट्ठा करके बकायदा मिट्टी का वर्तन और नींबू ,रसना खरीदकर राहगीरों की प्यास बुझाने की जिम्मा उठाने का बीड़ा उठाया है बच्चे बताते हैं कि ऐसा करने से उन्हें धर्म लगेगा और पुण्य की प्राप्ति होगी।

# कक्षा पांचवीं के परीक्षा परिणाम विधायक प्रतिनिधि ने किया घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

जिला केंद्रीकृत प्राथमिक प्रमाण पत्र परीक्षा सत्र 2024-25 जिला गरियाबंद छत्तीसगढ़ का परीक्षा परिणाम आया जिसमें प्राथमिक शाला सिरीखुर्द विकासखंड फिंगेश्वर के परीक्षा परिणाम की घोषणा विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा के द्वारा किया गया जिसमें परिणाम इस प्रकार रहा। प्राथमिक शाला से 10 बच्चों ने परीक्षा दिलाया जिसमें से सभी बच्चों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा में प्रथम स्थान संयुक्त रूप से कुमारी अदिति डहरिया एवं डेविड निर्मलकर का 89% द्वितीय स्थान वीरेंद्र कुमार साहू 83%तृतीय स्थान विनय कुमार मारकंडे का 81% रहा। परीक्षा परिणाम घोषणा के पश्चात विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा एवं संस्था के प्रधान पाठक जगन्नाथ ध्रुव ने सभी परीक्षार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित किया। परीक्षा परिणाम घोषणा के समय दुर्गेश विश्वकर्मा, द्रोपती साहू, अगेश्वरी साहू लीलाराम मतावले शिक्षक खोमन सिन्हा उपस्थित रहे।




## सरस्वती शिशु मंदिर के परीक्षा परिणाम घोषित, भूमिका बनीं टॉपर

**छुईहा बेलर।** सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय चरौदा का वार्षिक परीक्षा 2025 के घोषित परिणाम में भूमिका साहू कक्षा अष्टम का 93.67 प्रतिशत अंकों अर्जित कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं वीणा ध्रुव 92.17 प्रतिशत अंको के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। काव्या कंवर पिता घनश्याम कंवर कक्षा पंचम में 90.50 प्रतिशत अंको के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं कुमकुम साहू 90.50 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं तानिया ध्रुवंशी ने 88 प्रतिशत अंको के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। उल्लेखनीय है कि सरस्वती शिशु मंदिर के तहत मौली माता शिक्षा कल्याण विकास समिति संचालित है। इन्हें प्रधानाचार्य सहित सभी शिक्षकों ने बधाई दी है।



# पदोन्नति के बाद सेटअप के अनुसार हो युक्तियुक्तकरण अन्यथा किया जाएगा कड़ा विरोधः संयुक्त शिक्षक संघ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

छत्तीसगढ़ शिक्षा विभाग में युक्तियुक्तकरण की कार्यवाही पुनः प्रारंभ करने का आदेश सचिव स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी किया गया है। जारी आदेश में पूर्व में निर्धारित नियमों को ही यथावत रखा गया है। जिसमें पहले स्कूलों का उसके बाद शिक्षकों के युक्तिकरण का प्रावधान है।

- सरकार से लंबित प्रधानपाठक, शिक्षकों के पदों पर पदोन्नति किए जाने की हो रही मांग

इस संबंध में जब पूर्व में यह प्रक्रिया अपनाई गई थी, तब छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ द्वारा शिक्षक और शिक्षा हित में अपनी आपत्तियां सरकार के सामने दर्ज किया था। उस समय सचिव द्वारा चर्चा के दौरान ऐसे प्रावधान जिससे शिक्षकों को नुकसान हो रहा हो, उसे पृथक करने का आश्वासन दिया गया था। इसके कड़े विरोध के कारण सरकार को इसे बीच में ही रोकना पड़ा था, लेकिन अब उन्हीं प्रावधानों को अपनाया जाना उचित नहीं है। इस संबंध में संघ के प्रांताध्यक्ष केदार जैन, प्रांतीय पदाधिकारी ममता खालसा, ओमप्रकाश बघेल, अर्जुन रत्नाकर, गिरजा शंकर शुक्ला, ओमप्रकाश चौधरी, माया सिंह, सोहन यादव, रूपानंद पटेल, ताराचंद जायसवाल, सुभाष शर्मा, विजय राव आदि ने सरकार से मांग किया है कि प्राचार्य एवं व्याख्याता की पदोन्नति गत कई वर्षों से लंबित है जिसकी प्रक्रिया अंतिम रूप में है जिसके साथ ही लंबित प्रधानपाठक, शिक्षक के पदों पर सर्वप्रथम पदोन्नति किया जाए, उसके पश्चात ही युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया प्रारंभ की जाए, अन्यथा इससे शिक्षकों को बहुत बड़ा नुकसान होगा जिससे शिक्षकों में आक्रोश फैलना स्वाभाविक है जो विरोध करने पर विवश हो जाएंगे।

### शिक्षकों पर किसी भी प्रकार का अन्याय बर्दाश्त नहीं





संघ पूर्व एवं वर्तमान में भी स्पष्ट कर मांग कर चुका है कि विभाग में स्वीकृत सेटअप, शिक्षा का अधिकार कानून के अनुसार ही युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया किया जाए। सेटअप के अनुसार ही वित्त विभाग से पद स्वीकृत हैं जिसके अनुसार भर्ती और पदोन्नति किया गया है। संस्था प्रमुख का पद यथावत रखा जाए। निर्धारित सेटअप के अनुसार नहीं किए जाने पर बड़ी संख्या में शिक्षक अतिशेष की श्रेणी में आएंगे एवं इसका प्रतिकूल प्रभाव शिक्षा की गुणवत्ता पर भी पड़ेगा। संघ द्वारा आज इसका ज्ञापन मुख्यमंत्री एवं शिक्षा विभाग के सचिव को प्रेषित किया गया है। साथ ही संघ यह स्पष्ट करता है कि युतियुक्तकरण के नाम पर शिक्षकों पर किसी भी प्रकार से अन्याय किया जाएगा तो वह बर्दाश्त नहीं होगा। संघ इसका कड़ा विरोध करते हुए धरना आंदोलन करने पर विवश होगा। प्रेस विज्ञप्ति प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित दुबे द्वारा जारी किया गया।

### पहले पदोन्नति फिर हो युक्तिकरणः रामनारायण

**राजिम।** छग शिक्षक संघ के प्रांतीय प्रवक्ता रामनारायण मिश्रा ने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश स्तर में स्कूलों तथा शिक्षकों का युक्तिकरण करने का जो नियम बनाया गया है वह महज शिक्षकों को परेशान करने का तरीका मात्र है। कहा कि जब 2008 में राज्य में भाजपा की सरकार थी, उस समय शिक्षा विभाग में जो सेटअप तैयार किया गया था, उसके अनुसार ही स्कूलों में शिक्षकों का पद स्वीकृत हो उसमें कोई छेड़छाड़ ना किया जाए, तथा विभाग के समस्त पदोन्नति जैसे उच्च श्रेणी शिक्षक व्याख्याता प्राचार्य सभी पदों पर पदोन्नति पहले कर ली जावे। उसके पश्चात ही युक्तिकरण की व्यवस्था राज्य में लागू किया जावे। ऐसा करने से बहुत सारे शिक्षक स्कूलों में ही समाहित हो जाएंगे, और कम से कम शिक्षक युक्तिकरण के दायरे में आएंगे। लिहाजा राज्य सरकार को चाहिए पहले विभाग में पदोन्नति कर ले उसके बाद युक्ति कारण की नीति अपनाई जाए।



## धार्मिक स्थल कांदाडोंगर पहुंचकर कलेक्टर ने की पूजा अर्चना

# कलेक्टर ने पर्यावरण संरक्षण अभियान में लिया हिस्सा, लगाए सकोरे और घोंसले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखंड अंतर्गत क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थल कांदाडोंगर में आज मंगलवार को पहुंचकर गरियाबंद जिले के नवपदस्थ कलेक्टर भगवान सिंह उइके पूजा अर्चना किया, इस दौरान पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती नेहा सिंघल, अपर कलेक्टर नवीन भगत एवं अधिकारी कर्मचारी एवं क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

इस दौरान क्षेत्र के लोगों ने गरियाबंद कलेक्टर को कांदाडोंगर धार्मिक स्थल के संबंध में विस्तार से जानकारी दिया और यहां पहुंचने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने की मांग किया साथ ही पर्यटन स्थल घोषित कर इस जगह को विकसित करने की मांग किया गया, वहीं दूसरी ओर ज्ञात हो कि हरिहर वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा लगातार पर्यावरण संरक्षण, पशु पक्षी संरक्षण के लिए किया जा रहे कायोंर् में गरियाबंद जिले के कलेक्टर भगवान सिंह उइके शामिल हुए साथ ही उन्होंने पक्षीयों के लिए दाना पानी हेतु मिट्टी के सकोरे अपने हाथों से लगाए और फाउंडेशन के सदस्यों द्वारा पर्यावरण संरक्षण की भावना लेकर कबाड़ से बनाए गए पक्षियों के लिए घोसला को पेड़ों पर लगाया और इस कार्य की प्रशंसा भी किया।



### फाउंडेशन ने घोसले का नाम रखा मोर घरौंदा

इसके पश्चात कलेक्टर ने हरिहर वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा स्थापित कांदाडोंगर स्थित कांदेश्वर धाम द्वादशज्योतिलिंग का दर्शन एवं पूजा अर्चन किया साथ ही कांदाडोंगर में स्थित पौराणिक देव स्थलो स्थान का दर्शन किया, इस मौके पर प्रमुख रूप से कलेक्टर भगवान सिंह उइके के साथ–साथ पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन सिंह मांझी ,जिला पंचायत सदस्य नेहा सिंघल ,अपर कलेक्टर नवीन भगत ,कार्यपाली अभियंता रश्मि गुप्ता ,अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तुलसीदास मरकाम ,तहसीलदार सुशील कुमार भोई , चिराग ठाकुर, भूमि लता जगत,जयमल यादव एवं बड़ी संख्या में क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक हरिहर वेलफेयर फाउंडेशन के समस्त सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
23 मई, 02 जून, 15 जून, 14 अगस्त, 04 सितम्बर, 27 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशिः-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411